बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

**मानव संसाधन प्रबंध विभाग / Human Resource Management Department**
**केन्द्रीय कार्यालय / Central Office**
**ज्ञानार्जन और विकास प्रभाग / Learning and Development Division**

**बोली-पूर्व बैठक का कार्यवृत्त - भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिकारियों को मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (एमओओसी) प्रदान करने के लिए एक वेंडर की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)**

**ई-निविदा संख्या: - भारिबैं/ मासंप्रवि-केंका केंद्रीय कार्यालय विभाग/अन्य/5/26-27/ईटी/90 [एमओओसी के लिए वेंडर की नियुक्ति]**

उपर्युक्त बैठक 21 मई 2026 को 1100 बजे आरबीआई, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में हाइब्रिड माध्यम से आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता डॉ. आनंद उपाध्याय, मप्र, मासंप्रवि, केंका, आरबीआई ने की। बैठक में प्रतिभागिता करने वाले बैंक अधिकारियों और फर्मों के प्रतिनिधियों की सूची अनुलग्नक - I में दी गई है।

2. प्रारंभ में, डॉ. आनंद उपाध्याय, मप्र, मासंप्रवि, केंका ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया और उनसे अपने प्रश्न पूछने का अनुरोध किया। बैठक के दौरान पूछे गए प्रश्नों और ईमेल के माध्यम से प्राप्त प्रश्नों का उत्तर दिया गया।

3. वेंडरों द्वारा पूछे गए प्रश्न और उन पर बैंक के प्रत्युत्तर निम्नलिखित हैं:

| आरएफपी का अनुभाग और पैरा संख्या | बोलीदाता द्वारा पूछा गया प्रश्न | प्रदान किया गया स्पष्टीकरण |
|---|---|---|
| अनुभाग VII- मापदंड 1;<br><br>अनुलग्नक III- क्र. सं. 1 | उन मामलों में जहां बोलीदाता की भारतीय सहायक कंपनी भारत में पंजीकृत संस्था है, लेकिन विदेशी मूल कंपनी प्राथमिक बौद्धिक संपत्ति, विषयवस्तु संवितरण अधिकार और प्लेटफॉर्म अधिकार रखती है, हम बैंक से अनुरोध करते हैं कि सेवा संविदा को भारतीय सहायक कंपनी के बजाय मूल कंपनी के साथ निष्पादित और संपादित किया जाए। | कृपया इस संबंध में 22 मई 2026 को जारी किए गए शुद्धिपत्र का संदर्भ लें |
| अनुलग्नक VIII | चूंकि आरएफपी में पहली संविदा अवधि को नौ महीने (1 जुलाई 2026 से 31 मार्च 2027 तक) के रूप में परिभाषित किया गया है, क्या बैंक SaaS उद्यमों के लिए मानक न्यूनतम सब्सक्रिप्शन अवधि के अनुरूप प्रारंभिक अवधि को पूरे 12 महीने तक बढ़ाने पर विचार करेगा? | नहीं, प्रारंभिक अवधि वित्तीय वर्ष (FY) के साथ संरेखित करने के लिए नौ महीने अर्थात 1 जुलाई 2026 से 31 मार्च 2027 तक रखी गई है। यह ध्यान दिया जाए कि करार के किसी भी नवीनीकरण के लिए, दूसरी और तीसरी अतिरिक्त अवधियां प्रत्येक 12 महीने की होंगी। |
| अनुभाग IV- क्र. सं. 12 | ईएमडी की गणना एक वर्ष के अनुमानित मूल्य के 2% (₹2,37,500) के रूप में की जाती है। कृपया पुष्टि करें कि ईएमडी की गणना पहली संविदा अवधि (1 जुलाई 2026 से 31 मार्च 2027 तक) के वास्तविक नौ | ईएमडी की गणना एक वर्ष के लिए निविदा के अनुमानित मूल्य के 2% (केवल ₹2,37,500) के रूप में की जा रही है, क्योंकि निविदा में दो अतिरिक्त |

| | | |
|---|---|---|
| | महीने की अवधि के अनुरूप प्रो-रेटा मूल्य के 2% के रूप में की जाएगी, यदि यह प्रारंभिक अवधि है? | 12 महीने की अवधियों के लिए संविदा के नवीनीकरण का प्रावधान है। |
| अनुभाग VII- मापदंड 2;<br><br>अनुभाग IX- तालिका 1, क्र. सं. 1<br><br>अनुलग्नक III- क्र. सं. 2<br><br>अनुलग्नक VII- क्र. सं. 1 | क) बीएफएसआई, राज्य और केंद्र सरकार क्षेत्रों में भिन्न उद्यम ग्राहकों की संख्या के संबंध में अर्हता-पूर्व और तकनीकी मूल्यांकन मापदंड (अनुभाग VII, मापदंड 2 और अनुभाग IX, तालिका 1) के लिए, कृपया पुष्टि करें कि चूंकि कोर्सेरा एक वैश्विक प्लेटफॉर्म है, क्या भारत के बाहर स्थित ग्राहकों पर भी पूरी तरह विचार किया जाएगा और स्वीकार किया जाएगा।<br><br>ख) और क्या इसे एक चार्टर्ड एकाउंटेंट की जगह प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जा सकता है? | क) हां, भिन्न ग्राहकों (वरीय रूप से केंद्र/ राज्य सरकार, बीएफएसआई क्षेत्र जैसे प्रतिष्ठानों) की संख्या से संबंधित मापदंड में वैश्विक ग्राहक शामिल होंगे।<br><br>ख) अनुभाग IX और अनुलग्नक VII के तहत तकनीकी मापदंडों के लिए चार्टर्ड एकाउंटेंट प्रमाणपत्र आवश्यक है। |
| अनुभाग IX- तालिका 1, मापदंड 1 | हमारी संविदाओं में गैर-प्रकटीकरण करार (एनडीए) शामिल हैं जो ग्राहक-विशिष्ट विवरणों के प्रकटीकरण को प्रतिबंधित करते हैं। हम अनुरोध करते हैं कि भिन्न उद्यम ग्राहकों की संख्या को सत्यापित करने के लिए आवश्यक चार्टर्ड एकाउंटेंट प्रमाणपत्र के स्थान पर एक अधिकृत कंपनी हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित स्व-घोषणा को स्वीकार किया जाए। | अनुभाग IX और अनुलग्नक VII के तहत तकनीकी मापदंडों के लिए चार्टर्ड एकाउंटेंट प्रमाणपत्र आवश्यक है। |
| अनुलग्नक VIII | आरएफपी में एमओओसी सब्सक्रिप्शन के लिए समेकित मूल्य बोली आवश्यक है (अनुलग्नक VIII)। क्या हम विचलन के नियम के बाद भी प्रस्ताव का मूल्य और संरचना दर्शाने के लिए कार्यान्वयन लागत का मदवार ब्रेकडाउन (एआई इनेबल्ड सूट) और समर्थन लागत के विवरण के साथ अपेक्षित समेकित कुल मूल्य प्रस्तुत कर सकते हैं? | अपेक्षित समेकित कुल मूल्य के साथ कार्यान्वयन लागत का मदवार ब्रेकडाउन दिया जा सकता है (जैसा कि अनुलग्नक VIII में अपेक्षित है), तथापि **बोलियों के मूल्यांकन के लिए कोट किए गए केवल कुल मूल्य पर विचार किया जाएगा।** |
| अनुलग्नक X | संविदा दिए जाने पर, क्या चयनित बोलीदाता पीबीजी के स्थान पर ऑनलाइन माध्यम (एनईएफटी/ आरटीजीएस) के द्वारा आवश्यक राशि आरबीआई में जमा करके सुरक्षा प्रतिभूति जमा कर सकता है? | हां |
| अनुभाग VII- क्र. सं. 1<br><br>अनुलग्नक III- क्र. सं. 1 | क्या कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत भारत में कंपनियों के पंजीकरण से संबंधित अर्हता-पूर्व मापदंड अनिवार्य है? | कृपया इस संबंध में 22 मई 2026 को जारी किए गए शुद्धिपत्र का संदर्भ लें |
| - | क्या कोई अन्य सूचना सुरक्षा मापदंड आवश्यक है? | जैसा कि आरएफपी में उल्लिखित है, आईएसओ 27001 (सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली) प्रमाणन और डिजिटल |

| | | |
|---|---|---|
| | | व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा (डीपीडीपी) अधिनियम, 2023 का अनुपालन आवश्यक है। |
| अनुभाग VIII-पैरा 2(d)(v) | क्या चयनित वेंडर को प्रश्न/शिकायतों के लिए एक स्थानीय सहयोग स्टाफ की तैनाती करनी होगी। | नहीं, चयनित वेंडर प्रश्न/शिकायतों के लिए कम से कम एक समर्पित सहयोग स्टाफ की तैनाती करेगा। |

4. यह भी स्पष्ट किया गया कि बोलीदाताओं को अलग-अलग 'तकनीकी बोली' और 'वित्तीय बोली' ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी। बोलीदाता यह सुनिश्चित करेंगे कि 'तकनीकी बोली' में 'वित्तीय बोली' से संबंधित कोई विवरण शामिल न हो, क्योंकि ऐसा होने पर बोली को अनर्ह घोषित किया जा सकता है।

5. इसके अतिरिक्त, बोलियों को निर्धारित तारीख और समय के भीतर, अर्थात 04 जून 2026 को 1400 बजे तक प्रस्तुत करना आवश्यक है। बोलियाँ प्रस्तुत करने की समय सीमा बढ़ाने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. कृपया ध्यान दें कि यदि निविदा दस्तावेज और शुद्धिपत्र के बीच कोई विवाद हो, तो शुद्धिपत्र प्रभावी होगा।

7. बोली दस्तावेज के शेष नियम, शर्तें और विनिर्देश यथावत रहेंगे। बोलियों की प्रस्तुति बोली दस्तावेज और स्पष्टीकरणों के अनुरूप मानी जाएगी। बैंक भविष्य में किसी भी बोलीदाता/ संविदाकार के किसी भी अतिरिक्त प्रश्न/स्पष्टीकरण पर विचार करने के लिए बाध्य नहीं होगा।

प्रभारी मुमप्र, मासंप्रवि, केंका
भारतीय रिज़र्व बैंक
मुंबई

**अनुलग्नक – I**

**बोली-पूर्व बैठक - आरबीआई के अधिकारियों को एमओओसी प्रदान करने के लिए एक वेंडर की नियुक्ति के लिए आरएफपी**

## प्रतिभागियों की सूची

(क) बैठक में प्रतिभागिता करने वाले आरबीआई अधिकारियों की सूची निम्नानुसार है:

| क्रम संख्या | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. आनंद उपाध्याय | मप्र, मासंप्रवि, केंका |
| 2. | श्रीमती कविता चौहान | समप्र, मासंप्रवि, केंका |
| 3. | श्रीमती प्रिया शर्मा | सप्र, मासंप्रवि, केंका |

(ख) बैठक में प्रतिभागिता करने वाले फर्मों के प्रतिनिधियों की सूची निम्नानुसार है:

| क्रम संख्या | संस्था का नाम | प्रतिनिधियों के नाम |
|---|---|---|
| 1 | मै. कोर्सेरा | श्री महेश कोलिसेट्टी |
| 2 | मै. एडएक्स | श्री ऋषभ श्रीवास्तव (वेबेक्स के माध्यम से) |

**Minutes of Pre-Bid Meeting - Request for Proposal (RFP) for Engagement of a Vendor for providing Massive Open Online Courses (MOOCs) for officers of Reserve Bank of India**

**E-Tender Number: - RBI/HRMD-CO Central Office Departments/Others/5/26-27/ET/90 [Engagement of Vendor for MOOCs]**

The captioned meeting was held at 1100 Hrs on May 21, 2026 at RBI, Central Office, Mumbai in hybrid mode. The meeting was chaired by Dr. Anand Upadhyay, GM, HRMD, CO, RBI. The list of Bank Officials and representatives of firms, who attended the meeting is given in Annex – I.

2. At the outset, Dr Anand Upadhyay, GM, HRMD, CO welcomed the representatives and requested them to put forth their queries. The queries raised during the meeting and the queries received through e-mails were addressed.

3. Queries raised by vendors and the Bank’s response thereto are as under:

| Section and Para No of RFP | Query Raised by Bidder | Clarification provided |
|---|---|---|
| Section VII-Criterion 1;<br><br>Annex III-Sr No 1 | In cases where a bidder's Indian subsidiary is the registered entity in India, but the foreign parent company holds the primary intellectual property, content distribution rights, and platform rights, we’d like to request the Bank to consider the service contract to be executed and transacted with the parent entity instead of the Indian subsidiary. | Please refer to Corrigendum issued on May 22, 2026, on the mattter |
| Annex VIII | Given that the RFP defines the first contract term as nine months (July 1, 2026, to March 31, 2027), is the Bank willing to consider extending the initial term to a full | No, the initial term has been kept for nine months i.e., July 1, 2026, to March 31, 2027 to align with the Financial Year (FY). It may be noted that any renewal |

| | | |
|---|---|---|
| | 12 months, aligning with standard minimum subscription periods for SaaS enterprises? | of agreement, the second and third addittional terms will be for 12 months each. |
| Section IV-Sr No 12 | The EMD is calculated as 2% of the estimated value for one year (₹2,37,500). Please confirm if the EMD will be calculated as 2% of the pro-rata value corresponding to the actual nine-month duration of the first contract term (July 1, 2026, to March 31, 2027), if that's the initial term? | EMD is being calculated as 2% of the estimated value of tender for one year (₹2,37,500 only), as the tender has provision of renewal of contract for two additional terms of 12 months each. |
| Section VII- Criterion 2;<br><br>Section IX- Table 1, Sr No 1<br><br>Annex III- Sr No 2<br><br>Annex VII- Sr No 1 | a) For the pre-qualification and technical evaluation criteria regarding the number of unique enterprise clients in the BFSI, State, and Central Government sectors (Section VII, Criterion 2 and Section IX, Table 1), please confirm given Coursera is a global platform, clients based outside of India will also be fully considered and accepted.<br><br>b) And the same can be signed by an Authorized signatory rather than a Chartered account? | a) Yes, the criterion regarding the number of unique clients (preferably establishments like central/state government, BFSI sector) may include global clients.<br><br>b) Chartered Accountant Certificate is required for technical parameters under Section IX and Annex VII. |
| Section IX- Table 1, Criterion 1 | Our contracts include Non-Disclosure Agreements (NDAs) that restrict the disclosure of client-specific details. | Chartered Accountant Certificate is required for technical parameters under Section IX and Annex VII. |

| | | |
|---|---|---|
| | We request for accepting a self-declaration signed by an Authorized Company Signatory to be accepted in lieu of the Chartered Accountant Certificate required to substantiate the number of unique enterprise clients. | |
| Annex VIII | The RFP requires a consolidated price quote for the MOOCs Subscription (Annex VIII). May we submit an itemized breakdown of the implementation costs (AI enabled suite), and support costs, along with the required consolidated total price, to demonstrate the value and composition of the offer, not with standing the rule against deviations? | Itemized breakdown of implementation cost may be given along with the required consolidated total price (as required in Annex VIII), however the **only the total price quoted will be taken into consideration for evaluation of bids.** |
| Annex X | On award of the contract, can the selected bidder may deposit the security deposit in lieu of PBG by depositing the requisite amount to RBI through online mode (NEFT/RTGS)? | Yes |
| Section VII- Sr No 1<br><br>Annex III- Sr No 1 | Is pre-qualification criterion related to companies registration in India under the Companies Act, 2013 is mandatory? | Please refer to Corrigendum issued on May 22, 2026, on the mattter |
| - | Whether any other information security parameter is required? | ISO 27001 (Information Security Management System) |

| | | |
|---|---|---|
| | | certification and compliance to Digital Personal Data Protection (DPDP) Act, 2023 is required, as mentioned in the RFP. |
| Section VIII-Para 2(d)(v) | Whether the selected vendor needs to deploy one on-site support staff for queries/complaints. | No, the selected vendor shall deploy at least one dedicated support staff for queries/complaints. |

4. It was also clarified that the bidders will have to submit separate ‘Technical Bid’ and ‘Financial Bid’ online. The bidder shall ensure that no details pertaining to the ‘Financial Bid’ are included in the ‘Technical Bid’, as such inclusion may result in the disqualification of the bid

5. Further, the bids are required to be submitted within the stipulated date and time i.e., 1400 Hrs. on June 04, 2026. The request to extend the deadline for submission of the bids may not be entertained.

6. Kindly note that in case there is any conflict between the tender document and the corrigendum, the latter shall prevail.

7. Rest of the terms, conditions and specifications of the bid document shall continue to remain the same. Submission of bids shall be construed to be in conformity with the bid document and clarifications. The Bank will not be bound to entertain any further query/clarification from any bidder/contractor in future.

CGM-in-Charge, HRMD, CO
Reserve Bank of India
Mumbai

**Annex – I**

**Pre-Bid Meeting - RFP for Engagement of a Vendor for providing MOOCs for officers of RBI**

**List of attendees**

(a) List of RBI Officials, who attended the meeting is as under:

| Sl No | Name | Designation |
|---|---|---|
| 1. | Dr Anand Upadhyay | GM, HRMD, CO |
| 2. | Smt. Kavita Chauhan | AGM, HRMD, CO |
| 3. | Smt. Priya Sharma | AM, HRMD, CO |

(b) List of representatives of firms, who attended the meeting is as under:

| Sl No | Name of entity | Name of the representatives |
|---|---|---|
| 1 | M/s Coursera | Shri Mahesh Kolisetty |
| 2 | M/s Edx | Shri Rishab Srivastava (via Webex) |